## कार्यालय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

–:– विज्ञापन –:–

क्रमांक 535/परि.न्या. /2024 दंतेवाड़ा, दिनांक 21/11/2024

परिवार न्यायालय, दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा में परामर्शदाताओं (Counsellors) के रिक्त 04 पदों की पूर्ति हेतु पात्र पुरूष एवं महिला अभ्यावेदकों से दिनॉक 08/12/2025 को शाम 5.00 बजे तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यावेदक की अर्हता, मानदेय/शुल्क एवं कार्य आदि का विवरण निम्नानुसार है :–

**परामर्शदाता के लिये अर्हता :–**

(1) कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक विषय के रूप में समाज विज्ञान या मनोविज्ञान के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि (डिग्री) हों और विशेषतः समाज कार्य, बाल मनोविज्ञान और कुटुम्ब सम्बन्धी परामर्श से न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हों, परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा :–

परन्तु शैक्षणिक अर्हताएं/न्यूनतम अनुभव हों, उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार अपवादित परिस्थितियों में छूट दी जा सकेगी :–

परन्तु यह और कि अपेक्षित अर्हता रखने वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी जा सकेगीः

परन्तु यह और भी कि कोई भी व्यक्ति परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के लिए तभी पात्र होगा, जब उसने 35 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हों और वह 60 वर्ष की आयु से कम का हो.

(2) किसी अभ्यर्थी को जो –

(क) एक न्यायाधीश रहा हो या,

(ख) कुटुम्ब सम्बन्धी विषयों में परामर्श का अनुभव रखता हों, अन्य बातें समान होनें पर नियुक्ति के मामले में प्राथमिकता दी जायेगी.

**परामर्शदाता को मानदेय/शुल्क का भुगतान :–**

(1) परामर्शदाता के रूप में नियोजित व्यक्तियों को अनुज्ञेय मानदेय या शुल्क ऐसी होगी, जैसी कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाए.

(2) परामर्शदाता, सुलह के लिये प्रति मामला प्रति बैठक रू. 500/– (पॉच सौ रूपये) की न्यूनतम दर से मानदेय या फीस का भुगतान प्राप्त करने के हकदार होंगे, प्रत्येक मामले के लिए निर्बन्धित चार से अधिक संख्या में बैठक नहीं होना चाहिए. किसी भी मामले में परामर्शदाता का कुल मानदेय या फीस रूपये 1500/– (एक हजार पॉच सौ रूपये) प्रतिदिन से अधिक नहीं होगी.

**अन्य विवरण :–**

नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन–पत्र में अभ्यावेदक का नाम, पिता/पति का नाम, पूरा पता, जन्मतिथि, अभ्यावेदक का नवीनतम छायाचित्र, शैक्षणिक योग्यता का स्पष्ट विवरण, अनुभव एवं विशेष योग्यता होने की स्थिति में उसका सम्पूर्ण विवरण दर्ज होना तथा प्रमाण–पत्र से समर्थित होना आवश्यक है।

**निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।**

**विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला न्यायालय के वेबसाईट https://dantewada.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है।**

अभ्यावेदक के अधिवक्ता होनें की स्थिति में संबंधित अधिवक्ता संघ जहॉं वह व्यवसायरत् है, से प्रमाण–पत्र प्राप्त कर संलग्न करना आवश्यक है।

उम्मीदवार के पूर्व न्यायाधीश होने की स्थिति में पद धारण के संबंध में दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है।

परामर्शदाताओं (Counsellors) की संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकेगी।

उम्मीदवार न्यायाधीश परिवार न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के पते पर डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में 10.30 से 5.30 के बीच, स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है।

## परामर्शदाता के 04 रिक्त पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

न्यायाधीश,

कुटुम्ब न्यायालय,

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा(छ.ग.)

आवेदक का स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो

1– आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) –............................................................

2– आवेदक का पूरा नाम –............................................................

(अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) –............................................................

3– पिता/पति का पूरा नाम –............................................................

4– जन्म तिथि (अ) अंको में ............. (ब) शब्दों में –............................................................

5– आयु (01–12–2025 की स्थिति में) –वर्ष....................माह..............दिन......................

6– लिंग (पुरूष/महिला) –............................................................

7– क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है, हॉं/नही –...............................................

(यदि हॉं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संल्गन करें)

8– शैक्षणिक योग्यता (संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करे) –........................................

| क. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

9– अनुभव/परामर्श से संबंधित पूर्व में किए कार्य –...............................................

अन्य कोई तथ्य ..........................................................................................................

..........................................................................................................

10— पत्र व्यवहार का पता ..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

11— स्थायी पता ..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

12— आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जा रहे दस्तावेजों का विवरण :—

| | |
|---|---|
| 1— | 2— |
| 3— | 4— |
| 5— | 6— |

आवेदक के नाम एवं हस्ताक्षर

**घोषणा—पत्र**

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को ध्यान से पढ़ा है इस प्रपत्र में मेरे द्वारा दिये गये सभी विवरण तथा संलग्न सभी अभिलेख मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है तथा आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/अपूर्ण पाई जाती है या यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा तथ्यों को छिपाया गया है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मूल दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जावेंगे।

स्थान — दन्तेवाड़ा।

दिनॉक / /2025

आवेदक के नाम एवं हस्ताक्षर